तापमान

अधिकतम 36.0 डिग्री

न्यूनतम 21.0 डिग्री

हरिभूमि

मध्यांचल भूमि

रायपुर, गुरुवार 12 मार्च 2026



10 प्रदेश में अफीम की खेती होना युवाओं ...



11 करमदा में 9 दिवसीय नवधा रामायण स्पर्धा का शुभारंभ






# पलारी में गहराया जल संकट, बालसमुन्द तालाब सूखने से बढ़ी परेशानी

## नगर में पेयजल संकट पर नगर पंचायत अलर्ट, बोरवेल और टैंकर से राहत देने का प्रयास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पलारी

नगरमें इन दिनों भीषण जल संकट की स्थिति बनी है। नगर का प्रमुख जल स्रोत बालसमुन्द तालाब लगभग सूख जाने के कारण पेयजल निस्तारी की समस्या लगातार बढ़ती जा रही है। मार्च के शुरुआत में ही पानी की किल्लत ने नगरवासियों की चिंता और बढ़ा दी है।

अनुमति रबी फसल की सिंचाई के लिए तालाब के पानी का उपयोग किए जाने से जलस्तर तेजी से घट गया है, जिससे विशाल तालाब सूखने की स्थिति में पहुंच गया है। जबकि पिछले वर्ष नगर पंचायत द्वारा किसानों को धान की फसल लेने से मना किया गया था, ताकि तालाब का पानी सुरक्षित रखा जा सके और नगरवासियों के लिए पेयजल उपलब्ध रहे।

### तालाब सूखने से बढ़ी परेशानी

वहीं नगर पंचायत उपाध्यक्ष पिंटू वर्मा ने बताया कि बालसमुन्द तालाब सूख जाने से नगर में पानी की समस्या काफी बढ़ गई है। हमने कलेक्टर से मिलकर पूरे हालात से अवगत कराया है और स्थायी समाधान के लिए सहयोग मांगा है। नगरवासियों को पानी की परेशानी न हो, इसके लिए नगर पंचायत लगातार प्रयास कर रही है।



### जल संकट से निपटने नगर पंचायत सक्रिय

नगरवासियों को राहत देने के लिए नगर पंचायत द्वारा तत्काल कदम भी उठाए गए हैं। नगर पंचायत अध्यक्ष गोपी साहू ने कहा नगर में जल संकट की स्थिति को देखते हुए हम लगातार प्रयास कर रहे हैं। दो बोरवेल का खनन कराया गया है और टैंकर के माध्यम से वार्डों में पानी की आपूर्ति की जा रही है। हमारी प्राथमिकता है कि नगर के किसी भी वार्ड में पेयजल की कमी न हो।

यह तालाब नगर के लिए सिर्फ जल आपूर्ति का स्रोत ही नहीं है। नगर में प्रमुख तालाबो के सुख जाने से निस्तारी के लिए भी नगरवासी इसी तालाब पर निर्भर रहते हैं। वहीं ग्राम लकड़ियां, बलौदी, छेरकाडीह के ग्रामीण भी गर्मी के दिनों में बालसमुंद तालाब पहुंचते हैं। वहीं तालाब सूखने से निस्तारी की व्यवस्था भी प्रभावित हो गई है।

नगर में बढ़ती जल समस्या को गंभीरता से लेते हुए नगर पंचायत अध्यक्ष गोपी साहू और नगर पंचायत उपाध्यक्ष पिंटू वर्मा ने जिला कलेक्टर से मुलाकात कर पूरे मामले की जानकारी दी। उन्होंने प्रशासन को बताया कि नगर में पानी की स्थिति चिंताजनक हो गई है और जल्द वैकल्पिक व्यवस्था की आवश्यकता है।

## खबर संक्षेप

### अपराधों पर लगाम लगाने थाना प्रभारी ने संभाली कमान



**खरोरा।** नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में बढ़ते अपराधों को लेकर अब पुलिस पूरी तरह से सख्त नजर आ रही है। खरोरा थाना प्रभारी कृष्ण कुमार कुशवाहा ने रायपुर एसएसपी के मार्गदर्शन में खुद कमान संभालते हुए थाना क्षेत्र को अपराध मुक्त बनाने के लिए कमर कस ली है। पुलिस की इस सक्रियता से जहां असामाजिक तत्वों में खौफ है, वहीं आम जनता, विशेषकर महिलाओं ने इस कार्रवाई की सराहना की है। पिछले कुछ समय से क्षेत्र में हत्या, चाकूबाजी, अवैध शराब और सूखे नशे की शिकायतों को लेकर पुलिस को विरोध का सामना करना पड़ रहा था। लेकिन अब स्थिति बदलती नजर आ रही है। थाना प्रभारी अपने दलबल के साथ देर रात तक मोटरसाइकिल और पैदल गश्त कर रहे हैं। गली-मोहल्लों में बेवजह जमा होने वाले लोगों को खदेड़ा जा रहा है और संदिग्ध अवस्था में घूमने वालों से कड़ी पूछताछ कर वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। इस पहल से रात में संदिग्धों की धरपकड़ और पूछताछ तेज है वहीं अवैध शराब की बिक्री पर प्रभावी रोक से महिलाओं में खुशी का माहौल है। पुलिस ने प्राथमिकता के आधार पर नगर के भीतर गली-मोहल्लों में बिकने वाली अवैध शराब पर लगाम लगाई है।

### भगवान आदिनाथ जन्म कल्याणक जयंती रथ यात्रा आज

**भाटापारा।** भगवान आदिनाथ जन्म कल्याणक जयंती रथ यात्रा महोत्सव नगर में धूमधाम से मनाया जायेगा। प्रातः 6.30 बजे श्री आदिनाथ नवग्रह पंच बाल्याती दिगंबर जैन मंदिर कृषि उपज मंडी रोड भाटापारा में भगवान का मंगल अभिषेक, शांति धारा, आरती संपन्न होगी। आरती के पश्चात श्री जी की प्रतिमा रथ पर विराजमान की जाएगी, उसके पश्चात मांगलिक कार्य पूजन, रथ की पूजन, भगवान की पूजन रथ के समक्ष संपन्न होगी। प्रातः 8 बजे शुभ मुहूर्त पर रथ यात्रा प्रारंभ हो जाएगी, जो की कृषि उपज मंडी, सचदेवा साइकिल, महासती मंदिर, जय हिंद होटल, भट्टर साइकिल जैन बड़ा मंदिर, गोविंद चौक होते हुए रामसत्ता चौक, जय स्तंभ चौक, डॉ. आड़ील हॉस्पिटल से कृषि उपज मंडी रोड होते हुए मंदिर में संपन्न होगी।प्रातः 11.25 पर मंदिर की में नगर रथ यात्रा महोत्सव के पश्चात भगवान का मंगल अभिषेक, मूल नायक भगवान आदिनाथ का महा मस्तकाभिषेक, शांति धारा आरती संपन्न की जाएगी। आदिनाथ जैन मंदिर के अध्यक्ष अभिषेक मोदी ने बताया कि मंदिर के कार्यक्रम के पश्चात वर्मा छात्रावास, स्कूल, कृषि उपज मंडी रोड में सम्मान आयोजित है, ▶▶ शेष पेज 13 पर



# अशासकीय विद्यालयों की मांग और स्थानीय परीक्षाओं पर बनी सहमति

**लोकल कक्षाओं की परीक्षा स्थानीय स्कूल ही लेगा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बलौदाबाजार

जिला अशासकीय विद्यालय संचालक कल्याण समिति के कड़े विरोध और एकजुटता के आगे विभाग को झुकना पड़ा है। निजी स्कूलों की स्वायत्तता और संचालन में आ रही व्यावहारिक दिक्कतों को देखते हुए जिला शिक्षा अधिकारी ने सभी प्रमुख मांगों पर सहमति जताते हुए अनुचित नियमों को वापस लेने का आश्वासन दिया है।

सभी पात्र स्कूलों को शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए न्यायपूर्वक तीन वर्ष की मान्यता देने की प्रक्रिया में तेजी लाई जाएगी। बार-बार एक ही जानकारी मांगने और संचालकों पर अनावश्यक दबाव बनाने की प्रक्रिया को रोककर स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किए जाएंगे। हाई और हायर सेकेंडरी स्कूलों की मान्यता के लिए वर्ष 2022 के राजपत्र और विभागीय संशोधनों का कड़ाई से पालन किया जाएगा। इस जीत पर खुशी जाहिर करते हुए जिला अध्यक्ष मनोज गुप्ता, जिला सचिव शशिकांत साहू, उपाध्यक्ष सविता मानिकपुरी, सह सचिव राकेश रोशन साहू, कोषाध्यक्ष आकाश सोनी और मीडिया प्रभारी सौरभ दुबे ने सभी संचालकों का आभार व्यक्त किया। साथ ही संरक्षक प्रीति ताम्हणे, डॉ बी राघव राव, संजीव अरोरा और ब्लॉक प्रभारियों अरुणा शुक्ला भाटापारा, संतोष वर्मा बलौदाबाजार, अशोक साहू सिमगा, सी पी साहू कसडोल एवं संध्या पटेल पलारी ने इसे एकता की जीत बताया है इस आंदोलन में मनहरे, दीपक अब्राहम, घनश्याम पाटिल, शारदा पाटिल, मुनेश साहू, रौनक मुंदणा, ममता गुप्ता, हरीश चंद्र, स्वयंजल शर्मा, अरुणा शुक्ला, आदर्श नवरंगे, प्रभा साहू, अंजली वर्मा। सरिता वर्मा, स्नेहलता मसीह, भूपेंद्र साहू, सरोज दुबे, अरविंद वर्मा पुरषोत्तम लाल पाटेल राघवेंद्र ध्रुव, संतोष वर्मा, लक्ष्मी सोनवानी, इंद्राज विश्वकर्मा, मनु आड़ील, रेखा सेन, यशवंत डहरिया और मंदाकिनी ताम्रकार जैसे वरिष्ठ सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।






### विभाग की सहमति के बाद निजी स्कूलों की परीक्षाओं का विवाद टला

विरोध के बाद झुका विभाग समिति ने ज्ञापन के माध्यम से स्पष्ट किया था कि कक्षा तीसरी, चौथी, छठवीं, सातवीं, नौवीं और ग्यारहवीं की परीक्षाएं जिला कार्यालय द्वारा लिया जाना निजी स्कूलों की स्वतंत्रता पर अतिक्रमण है। इस बढ़ते विरोध को देखते हुए विभाग ने इन परीक्षाओं के आयोजन और अन्य विवादित बिन्दुओं पर अपने कदम पीछे खींच लिए हैं। जरूरी बोर्डनुमा परीक्षाओं के आयोजन को निरस्त करने पर विभाग ने सहमति दी है।

# सचिव के तबादले से हथबंद पंचायत में कामकाज ठप



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हथबंद

जनपद पंचायत सिमगा अंतर्गत ग्राम पंचायत हथबंद में पंचायत सचिव के लगातार तबादले को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। इस मुद्दे को लेकर सरपंच, पंचों और बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने जनपद पंचायत सिमगा एवं जिला पंचायत बलौदाबाजार पहुंचकर नाराजगी जताई और सचिव को यथावत रखने की मांग करते हुए ज्ञापन सौंपा। पंच मूलचंद टंडन ने कहा कि बिना किसी ठोस कारण के सचिव का बार-बार तबादला किया जाना उचित नहीं है। इससे पंचायत के विकास कार्यों पर असर पड़ रहा है और ग्रामीणों में असंतोष बढ़ रहा है। उपसरपंच दिलीप यादव ने कहा कि ▶▶ शेष पेज 13 पर

- नाराज ग्रामीणों ने सचिव का यथावत रखने का किया मांग

### ग्रामीणों ने जताई नाराजगी

ग्रामीणों और पंचायत प्रतिनिधियों का आरोप है कि पंचायत सचिव का बार-बार तबादला स्थानीय राजनीति के कारण किया जा रहा है, जिससे पंचायत के विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं। सरपंच ढालेश्वरी अनंत ने कहा कि सचिव के लगातार बदलने से पंचायत के कई महत्वपूर्ण कार्य प्रभावित हो रहे हैं और गांव की प्रगति भी रुक रही है।

### ग्रामीणों ने सौंपा ज्ञापन

इस संबंध में पंचायत प्रतिनिधि विजय निषाद, मूलचंद टंडन, संतराम ध्रुव, पूजा पाल, मीना बघेल, मंजू निषाद सहित ग्रामीण प्रकाश पाल, दिलीप चतुरे और अन्य ग्रामवासी जनपद पंचायत सिमगा पहुंचे और अपनी आपत्ति दर्ज कराते हुए ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर वर्तमान सचिव को यथावत रखा जाए, ताकि पंचायत के विकास कार्य सुचारू रूप से चलते रहें।

# जुआ खेलते 7 आरोपी गिरफ्तार 1.52 लाख नकद बरामद



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भवानीपुर

छत्तीसगढ़ के बलौदाबाजार जिले में अपराध नियंत्रण और जन-शिकायतों के त्वरित निराकरण के लिए शुरू की गई समाधान सेल योजना रंग लाने लगी है। इसी कड़ी में 10 मार्च की रात गिधपुरी पुलिस ने मुखबिर और समाधान सेल से मिली सटीक सूचना के आधार पर ग्राम तेलासी के मुक्तिधाम के पास घेराबंदी कर जुआ खेल रहे सात जुआरियों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

गिरफ्तार किए गए जुआरियों में रायपुर जिले के खरोरा थाना क्षेत्र और पलारी क्षेत्र के निवासी शामिल हैं, जिसमेंधर्मेंद्र उर्फ राजा डहरिया 28 वर्ष अमसेना, मुकेश कुमार मनहरे 34 वर्ष भंडारपुरी, श्रवण जोशी 51 वर्ष कोडापार, राहुल मनहरे 34 वर्ष भंडारपुरी, मालिक राम डहरिया 35 वर्ष कोडापार, आनंद बंजारे 40 वर्ष भंडारपुरी, अजीत सुरतांगे 35 वर्ष सुंदरी थाना पलारी शामिल हैं। पुलिस की इस रेड कार्रवाई में आरोपियों के पास से कुल 1,52,000 रुपये नगद बरामद किए गए हैं। इसके अलावा पुलिस ने घटनास्थल से 52 ताश की पत्तियां, 2 मोटरसाइकिल और ▶▶ शेष पेज 13 पर

# निर्मला साहू कसडोल और सीमा थवाईत बनीं भाजपा कटगी मंडल अध्यक्ष

**कसडोल।** जिला भाजपा में संगठन विस्तार और आगामी कार्यों को गति देने महिला मोर्चा, अनुसूचित जाति मोर्चा और पिछड़ा वर्ग मोर्चा की जिला कार्यकारिणी की घोषणा की। इस नवीन नियुक्तियों में कसडोल और कटगी मंडल में सक्रिय महिला नेत्रियों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं, जिससे कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह देखा जा रहा है।



निर्मला साहू को भाजपा महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष कसडोल नियुक्त किया गया है। सीमा थवाईत को भाजपा महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष कटगी की जिम्मेदारी दी गई है। ममता कर्ष को भाजपा महिला मोर्चा का मंडल महामंत्री कसडोल बनाया गया है। पार्टी के प्रति समर्पित और सक्रिय रहने वाली ▶▶ शेष पेज 13 पर

# सुनसुनिया में ट्रैक्टरों से रेत का अवैध परिवहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ लवन

नगर से 10 किमी दूर बसा ग्राम पंचायत सुनसुनिया में केंवट समाज की बहुलता है। यहां गांव के कुछ 5 से 10 की संख्या में लोग संगठन बनाकर महानदी के पाल कछार से बाहर से ट्रैकर वालों को आमंत्रित कर गांव के ग्रामीणों के माध्यम से रेत की अवैध खनन एवं परिवहन विगत तीन चार माह से रोजाना जारी है। प्रत्येक ट्रैक्टर से 5 से 700 रुपये की अवैध वसूली किये जाने की खबर शासन प्रशासन को दिये जाने के बावजूद आंख मूंदकर अवैध रूप से रेत तस्करी में लगे ग्रामीणों एवं ट्रैक्टरों में परिवहन करने वाले तस्करों पर शासन प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारी एवं सिपाही मेहरबान होकर मनोबल बढ़ाने में योगदान दे रहे हैं। इनके मनोबल बढ़ाने के चलते सरकार की छवि धूमिल हो रही है। इस अवैध खनन परिवहन ▶▶ शेष पेज 13 पर



### जिला में टास्क फोर्स गठित

इस मामले पर जिला खनिज अधिकारी अवधेश बारीक ने बताया कि जिला में कलेक्टर द्वारा टास्क फोर्स टीम गठित हैं जिसमें पुलिस, तहसीलदार एवं खनिज विभाग है। आप जानकारी दिये हैं तो निश्चित ही इस पर कार्रवाई के लिए टीम भेजता लेकिन हमारे पास एक ही इंस्पेक्टर है जो पूरे जिला देख रहा है अभी तबीयत खराब होने के कारण छुट्टी पर है। उनके अनुपस्थिति में कार्रवाई के लिए किसी को भेजता हूँ।

## आपूर्ति व्यवस्था पर सतत निगरानी के निर्देश

# जिले में घरेलू एलपीजी गैस की है पर्याप्त उपलब्धता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बलौदाबाजार

- कलेक्टर ने एलपीजी वितरकों के साथ की बैठक

जिले में घरेलू एलपीजी गैस की उपलब्धता और आपूर्ति के लिए बुधवार को संयुक्त जिला कार्यालय में बैठक आयोजित की गई। कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने जिले के घरेलु एलपीजी गैस वितरकों के साथ बैठक कर जिले में रसोई गैस की उपलब्धता एवं आपूर्ति व्यवस्था की विस्तृत समीक्षा की।

कलेक्टर शर्मा ने कहा कि सभी एजेंसियो में उपभोक्ताओं सामन्य रूप से व प्रचलित मूल्य पर एलपीजी गैस उपलब्ध कराएं। कहीं पर भी एजेंसी द्वारा शॉर्टेज की स्थिति निर्मित न हो। कालाबाजारी या अधिक मूल्य पर बेचने की शिकायत मिलने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि सभी वितरक एलपीजी भण्डारण एवं वितरण की पंजी संधारित करें और विभागीय अधिकारी द्वारा मांगे जाने पर उपलब्ध कराएं। उन्होंने कामर्शियल एलपीजी के लिये उचित समन्वय स्थापित कर आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिये।

बैठक में बताया गया कि जिले में इंडियन ऑयल एवं हिंदुस्तान ऑयल कम्पनी के कुल 22 वितरक हैं।

उपस्थित वितरकों ने अवगत कराया कि जिले में घरेलु एलपीजी की पर्याप्त उपलब्धता है, कहीं कोई दिक्कत नहीं है। कमर्शियल के लिये भी समन्वय बनाकर उपलब्ध कराया जा रहा है। खाद्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि एलपीजी आपूर्ति से संबंधित किसी भी प्रकार की शिकायत या जानकारी के लिए उपभोक्ता टोल फ्री कॉल सेंटर नंबर 1800-233-3663 पर संपर्क कर सकते हैं।





# चाकू दिखाकर लूट की कोशिश करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बलौदाबाजार

कसडोल पुलिस ने राह चलते व्यक्ति का रास्ता रोककर चाकू से जानलेवा हमला करने और पैसे की मांग करने वाले दो शातिर आरोपियों को चंद घंटों के भीतर गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

प्रार्थी ने रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि 10 मार्च की शाम करीबन 7 बजे अपने घर से कसडोल निजी काम से जा रहा था, कि इस दौरान बैंगनडबरी मुक्तिधाम के आगे पुल के पास आरोपी सूरज साहू एवं हेमंत बंजारे द्वारा मोटरसाइकिल में आकर प्रार्थी का रास्ता रोका और पैसे की मांग करते हुए चाकू से जानलेवा वार किया, जिससे प्रार्थी बचते बचाते वहां से भाग गया। रिपोर्ट पर धारा 296, 351(3), 119(1), 126(2) 3(5) बीएनएस एवं 25, 27 आर्म्स एक्ट का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।



थाना कसडोल पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए दो आरोपियों को हिरासत में लिया गया, जिनसे पूछताछ करने पर आरोपियों द्वारा प्रार्थी का रास्ता रोककर पैसे की मांग करते हुए उस पर चाकू से जानलेवा वार करना स्वीकार किया गया। पुलिस द्वारा आरोपियों से घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल क्र. सीजी 22 एम 6214 एवं एक बटनदार चाकू जब्त किया गया है तथा प्रकरण में दोनों आरोपियों को 11 मार्च को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर जेल भेजा गया।

## खबर संक्षेप



### शहीद स्मारक में महिलाओं का होली मिलन

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा के शहीद स्मारक में होली मिलन समारोह देश के वीर जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ ही आपसी भाईचारे और सौहार्द के साथ मनाया गया। महिला समिति के सदस्यों ने शहीद स्मारक पर पुष्पचक्र अर्पित कर, दो मिनट का मौन रखकर और गुलाल से होली खेलकर, शहीदों के बलिदान को याद करते हुए देशभक्ति की भावना के साथ यह पर्व मनाया गया। इस दौरान अंजना चंद्राकर, सरला सोनी, गायत्री साहू, केसरी साहू, ममता चंद्राकर, ज्योति चंद्राकर, संपदा चंद्राकर, सीमा वर्मा, पूर्णिमा निषाद, मोनिका पांडे, प्रणिता साहू पानू वर्मा आदि मौजूद रहे।

### धर्मेंद्र बने विधायक प्रतिनिधि

**महासमुंद।** तुमगांव के पूर्व सभापति धर्मेंद्र यादव को नगर पंचायत तुमगांव विधायक प्रतिनिधि बनाया गया है। विधायक प्रतिनिधि बनने पर कार्यकर्ताओं ने हर्ष जताया है।



### विभिन्न बीमारियों का उपचार कल

**महासमुंद।** लभराखुर्द स्थित सोहम हॉस्पिटल में 13 मार्च शुक्रवार सुबह 11 से दोपहर 1 बजे तक हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ सुलभ चंद्राकर उपलब्ध रहेंगे। जिसमें इको टेस्ट का लाभ ले सकते हैं। शिविर में बीपी की समस्या, चलने में हांफना, सोने में दर्द या दबाव, डिवाइस क्लोज़र, मधुमेह, पेसमेकर, वाल्वुलोप्लास्टी, उच्च रक्तचाप होना का उपचार किया जाएगा।

### भाजपा युवा मोर्चा जिला सहकोषाध्यक्ष बने राजा

**झलप।** भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा द्वारा झलप क्षेत्र के कार्यकर्ता राजा अग्रवाल को भाजयुमों सहकोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया है।



नवनियुक्त जिला सहकोषाध्यक्ष राजा अग्रवाल ने कहा कि पार्टी ने जो विश्वास और जिम्मेदारी उन्हें सौंपी है, उसे वे पूरी ईमानदारी, निष्ठा और समर्पण के साथ निभाएंगे। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता युवा मोर्चा के माध्यम से युवाओं को संगठन से जोड़ने, पार्टी की नीतियों को घर-घर तक पहुंचाने तथा क्षेत्र में जनसेवा के कार्यों को आगे बढ़ाने के लिए वे निरंतर प्रयास करते रहेंगे। राजा की नियुक्ति पर क्षेत्र के भाजपा पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और युवाओं ने उनके उज्ज्वल कार्यकाल की शुभेच्छा जताई है।

### 4 लाख की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

**महासमुंद।** प्राकृतिक आपदा से मृत्यु होने पर मृतक के निकटतम वारिसान के लिए कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत चार लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की है। इनमें सर्पदंश से मृत्यु होने पर बागबाहरा विकासखंड अंतर्गत ग्राम तेंदूकोना के मृतक ओमप्रकाश साहू की पत्नी कमला साहू के लिए चार लाख रुपए आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

# विद्यार्थी शोधशाला के समापन सत्र में विद्यार्थियों ने साझा किए कार्यशाला अनुभव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- परिकल्पना के आयामों की समझ प्रभावी और व्यवस्थित अनुसंधान की कुंजी है : डॉ . ए .करीम

शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय में पांच दिवसीय विद्यार्थी शोधशाला का आयोजन 06 मार्च से 11 मार्च 2026 तक एस्पेक्ट्स ऑफ रिसर्च मेथोडोलॉजी : टूल्स, ट्रेंड्स, एंड टेक्नीक्स विषय में आयोजित है। कार्यक्रम प्राचार्य प्रो. करुणा दुबे मार्गदर्शन में आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के समन्वयक डॉ रीता पांडेय विभागाध्यक्ष इतिहास, सहायक समन्वयक डॉ ईपी चेलक विभागाध्यक्ष वनस्पति शास्त्र, आयोजक सचिव डॉ मालती तिवारी विभागाध्यक्ष राजनीति शास्त्र, रूसा प्रभारी प्रियंका सोनवानी, विभागाध्यक्ष प्राणीशास्त्र है। पांचवें दिवस 11 मार्च 2026 को प्रथम सत्र के विषय विशेषज्ञ डॉ ए करीम रिटायर्ड प्रोफेसर एवं द्वितीय विषय विशेषज्ञ डॉ. एनके चक्रधारी एसोसिएट प्रोफ़ेसर भौतिक शास्त्र पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर मंचस्थ रहे। प्रथम सत्र के विषय विशेषज्ञ डॉ ए करीम ने अपने विषय के बारे में बताया की परिकल्पना के विभिन्न आयामों का अध्ययन शोध प्रक्रिया में अत्यंत महत्वपूर्ण होता है। इससे शोधकर्ता स्वतंत्र एवं आश्रित चरों के बीच संभावित संबंधों को स्पष्ट रूप से निर्धारित कर सकता है। विभिन्न आयामों के विश्लेषण से परिकल्पना की परीक्षण योग्यता, वैधता और विश्वसनीयता सुनिश्चित होती है। यह शोध की दिशा, सीमाएं तथा विश्लेषण की पद्धति को भी स्पष्ट करता है। इस प्रकार परिकल्पना के आयामों का अध्ययन वैज्ञानिक एवं व्यवस्थित अनुसंधान की आधारशिला बनता है। डॉ एनके चक्रधारी ने बताया कि अनुसंधान में तकनीकें वे आधुनिक तरीके होते हैं जिनकी मदद से डेटा का विश्लेषण और प्रस्तुतीकरण किया जाता है। समापन सत्र के मुख्य अतिथि डॉ. एनके चक्रधारी, विशेष अतिथि डॉ. ए. करीम एवं अध्यक्षता प्राचार्य करूणा दुबे रहें। डॉ रीता पांडेय ने विद्यार्थी शोधशाला कार्यक्रम की समीक्षा। समापन सत्र में विशेष योगदान हेतु जय कुमार राजा, डॉ रीता पांडेय समन्वयक, प्रियंका सोनवानी, आयोजन समिति के सदस्यों को उत्कृष्ट कार्य हेतु प्रमाण पत्र, व समस्त विद्यार्थियों को प्रमाण पत्रों से सम्मानित किया गया। पांच दिवसीय शोधशाला में डॉ रश्मि मिंज ने शोध के बारे में, डॉ ई पी चेलक ने अनुसंधान पद्धति के नवीन रुझान का अध्यन, डॉ मालती तिवारी ने शोध के महत्व, डॉ अनुसुइया अग्रवाल ने शोध पत्र लेखन, डॉ देवेंद्र चाफेकर ने गुणात्मक शोध में ए आई चुनौतियां एवं संभावनाएं, आशुतोष पुरी गोस्वामी ने प्लैगेरिज़्म, डॉ संपा चौबे ने रिसर्च मेथडोलॉजी, डॉ इंद्रपाल करभाल ने शोध के नए आयाम, डॉ दुर्गावती भारतीय ने अच्छे शोधकर्ता के गुण, डॉ अजय कुमार देवांगन ने ए आई टूल्स के शोध में उपयोग, डॉ राजीव मिंज ने उत्खनन के तकनीक, डॉ एस बी कुमार ने प्राचीन भारतीय ज्ञान परंपरा, डॉ ए करीम ने परिकल्पना के विविध आयाम, डॉ एनके चक्रधारी ने शोध प्रविधि टूल्स एवं टेक्निक विषय में विस्तृत जानकारी विद्यार्थियों को प्रदान किया।



## निजी कार्यक्रम में उपस्थित हुए प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री

# प्रदेश में अफीम की खेती होना युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

पूर्व मंडी अध्यक्ष एवं प्रदेश प्रतिनिधि सुशील शर्मा के निवास मंगलम में अपने पारिवारिक एवं निजी कार्यक्रम में उपस्थित प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री, राष्ट्रीय महासचिव भूपेश बघेल ने कहा की राज्य में अफीम की खेती होना प्रदेश के युवाओं के भविष्य के साथ खुलेआम खिलवाड़ किया जाना प्रतीत होता है। आज के युवाओं को नशा जैसी बुराइयों से दूर रहने में अपनी सक्रिय भूमिका निभाना होगा। अन्यथा इस सत्तासीन सरकार में जिस तरह से नशा को बढ़ावा दिया जा रहा है, यह अत्यंत सोचनीय विषय है।





सुशील शर्मा की माता स्व. दशोदा देवी शर्मा को अपनी श्रद्धा सुमन अर्पित करने भूपेश बघेल के साथ धमतरी विधायक ओंकार साहू, क्षेत्रीय विधायक इन्द्र साव, सुरेंद्र शर्मा, विद्याभूषण शुक्ल, रुपेश ठाकुर, राकेश वर्मा बलौदाबाजार, सुरेश वर्मा, राम गिडलानी, रोशन हबलानी, अरुण यादव, सचिन शर्मा, संतोष सोनी, रमेश धृतलहरे, रेवा परपयानी, त्रिलोक सलूजा, नरेश शर्मा, सत्यनारायण जोशी सतीश पांडेय, अमर मिश्रा लवन, गेंद राम साहू, अजय ठाकुर, ओमप्रकाश खूंटे, मलिक राम साहू, अजयकांत शुक्ला, नितिन शुक्ला, मनमोहन कुर्रे, राजा तिवारी, मोहन निषाद, विजय साहू, अशोक यादव, पुनीत मानिकपुरी, आयुब बठिया, ओमप्रकाश यदु, कोमल साहू, सुंदर साहू मंडल अध्यक्ष, परमेश्वर वर्मा, गंगा जायसवाल, विजय निषाद, लुकेश यदु, पीलाराम पाल, चुरावन छत्रीय, मंतराम यदु, प्रदीप केसरवानी, अनिल गुप्ता, गिरिराज चावड़ा सहित सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ताओं उपस्थित थे।

## रासेयो राज्य स्तरीय कार्यशाला में जिले की सहभागिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महसमुंद

राष्ट्रीय सेवा योजना, छत्तीसगढ़ शासन, उच्च शिक्षा विभाग एवं युनिसेफ छत्तीसगढ़ के संयुक्त तत्वावधान में सुरक्षित पारा सुरक्षित लईकामन 3.0 के अंतर्गत किये गये कार्यों के आधार पर एकदिवसीय राज्य स्तरीय कार्यशाला का आयोजन 11.03.2026 को प्रातः 10:00 बजे से मंत्रालय, महानदी भवन स्थित पंचम तल में स्थित नवनिर्मित सभागार में आयोजित हुआ।

कार्यक्रम में टंकराम वर्मा शिक्षा मंत्री उच्च शिक्षा विभाग के मुख्य आतिथ्य में एवं विशिष्ट अतिथि डॉ. संतोष कुमार देवांगन आयुक्त उच्च शिक्षा विभाग छग शासन, डॉ भारतीदासन सचिव उच्च शिक्षा विभाग छग शासन, डॉ अशोक कुमार श्रोती रासेयो उप सलाहकार क्षेत्रीय निदेशालय भोपाल (मप्र-छग), अभिषेक सिंग यूनिसेफ सलाहकार, एसबीसी चीफ छग, चेतना देसाई यूनिसेफ बाल संरक्षण अधिकारी छग, डॉ नीता बाजपेयी राज्य एनएसएस अधिकारी उच्च शिक्षा विभाग छग शासन मंचस्थ रहे। जिसमें महासमुंद जिला से डॉ मालती तिवारी जिला संगठक रासेयो जिला महासमुंद, कार्यक्रम अधिकारी डॉ सरस्वती वर्मा शासकीय माता कर्मा कन्या महाविद्यालय महासमुंद, चुम्मन लाल निषाद, निर्मल बंजारे, शेखर कानूनगो, प्रकाशमणि साहू, स्वयंसेवक दिनेश कुमार साहू, टिकेश्वर साव सम्मिलित हुए।

कार्यशाला में राज्य में रासेयो गतिविधि डैशबोर्ड साइट का लॉन्च किया गया। अभिषेक त्रिपाठी एवं चंदन कुमार, वैभवी यूनिसेफ छग द्वारा सुरक्षित पारा सुरक्षित लइकामन कार्यक्रम के बारे में किए गए कार्य को अपलोड करने एवं लोगों तक पहुंचाने के लिए एक्शन प्लान डिजाइन तैयार किया गया।

# जान से मारने की धमकी, 6 आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

दुकान पर सामान की कीमत को लेकर हुए मामूली विवाद ने खूनी संघर्ष का रूप ले लिया। बलौदाबाजार के रवान क्षेत्र में एक दुकानदार के घर में घुसकर फावड़े से जानलेवा हमला करने वाले 6 आरोपियों को सिटी कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सभी आरोपियों को सलाखों के पीछे पहुंचाया है।

प्रार्थी शंकर लाल यादव निवासी ग्राम भद्रापाली मोड ऋषि पेट्रोल पंप के सामने रवान द्वारा रिपोर्ट दर्ज करायी गयी कि 14 फरवरी की रात 9 बजे लगभग सभी आरोपी उसकी दुकान में गुटका लेने आए। इस दौरान आरोपियों द्वारा गुटका बहुत महंगा लगाए हो की, बात कहते हुए प्रार्थी के साथ गाली गलौज कर, जान से मारने की धमकी देते हुए उसके घर अंदर घुसकर, फावड़ा से मारपीट कर प्रार्थी को गंभीर चोंट पहुंचाए, जिससे प्रार्थी के हाथ एवं सिर में चोटे आई हैं। रिपोर्ट पर धारा 109(2), 117(2), 333, 191(2), 296, 351(2), 118(1) बीएनएस का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।



थाना सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा जांच एवं विवेचना कार्यवाही करते हुए प्रार्थी के साथ मारपीट करने वाले 6 आरोपियों को विरासत में लिया गया, जिनसे पूछताछ करने पर आरोपियों द्वारा गुटका लेने की बात पर प्रार्थी के घर अंदर घुसकर, जान से मारने की धमकी देते हुए उसके साथ फावड़ा आदि से मारपीट करना स्वीकार किया गया। प्रकरण में सभी 6 आरोपियों को 10 मार्च को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।

गिरफ्तार आरोपियों में संदीप टंडन 22 वर्ष, ओम प्रकाश उर्फ ऋतिक 23 वर्ष, हीरालाल उर्फ सोनू टंडन 24 वर्ष, विकास टंडन 22 वर्ष, समीर सायतोड़े 20 वर्ष और भुनेश्वर उर्फ मोंटू जांगड़े 20 वर्ष निवासी ग्राम खैरताल थाना भाटापारा ग्रामीण शामिल हैं।

## नपाध्यक्ष व पार्षदों ने की एसपी से मुलाकात



**महासमुंद।** नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू व नपा के सभापति, पार्षदों के साथ आज पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार से मुलाकात कर शहर में हो रहे शराब की अवैध बिक्री, सट्टा, ड्रग्स की खिलाफ विशेष अभियान चलाने की मांग की। ताकि, शहर कानून व्यवस्था मजबूत हो व युवाओं को नशे के गिरफ्त से बचाया जा सके तथा शहर में शांति व्यवस्था बनी रहे। इस अवसर पर सभापति ज्योति रिंकू चंद्राकर, ईश्वरी भोई, जय देवांगन, गुलशन साहू, पार्षद धनेंद्र चंद्राकर, नीरज चंद्राकर, राहुल आवड़े, धनेश्वरी सोनवानी, ओमिन टोमन कागजी सहित समस्त पार्षद गण उपस्थित रहे।

# कोमाखान के महादेवा धाम में गोंड समाज का आर्दश विवाह 13 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्रा

- सामाजिक चर्चा में संविधान व सामाजिक गति विधि रीति रिवाजों, नीति पर हुई चर्चा

बाघामुड़ा सर्कल के ग्राम छोटे खेमड़ा में कार्यकारिणी बैठक रखा गया। जिसमें सर्व प्रथम समाज के ईष्टदेव बूढादेव की पूजा अर्चन कर किया गया। इसके बाद सामाजिक चर्चा में संविधान व सामाजिक गति विधि रीति रिवाजों, नीति, संस्कृति समाज के उत्थान शिक्षा विकास आर्थिक विकास व सहायता आदि पर जोर दिया गया।

इस बैठक में 13 मार्च दिन शुक्रवार को आदर्श विवाह सर्कल बाघामुड़ा के आश्रित ग्राम कोचर्रा निवासी भानस ठाकुर के सुपुत्र मोहन ठाकुर गोत्र पालेश्वर एवं सर्कल कसेकेरा आश्रित ग्राम दरबेकेरा निवासी खिलावन ठाकुर की सुपुत्री तोमेश ठाकुर गोत्र सोरी के साथ बृजेश्वर महादेव महादेवा धाम कोमाखान में आदर्श विवाह का कार्यक्रम होगा। साथ ही बाघामुड़ा सर्कल के ओर से सप्रेम भेंट दिया जायेगा। यहां निर्णय समाज में लिया गया है। इसी बीच हेमलता ठाकुर पति स्व. टीकम ठाकुर एवं उनके सास तीन बच्चे के साथ अखिल भारतीय गोंड समाज 18 गढ़ मुख्यालय रानी महल पिथौरा पंजीयन क्रमांक 2855 सर्कल बाघामुड़ा राज सुवरमार के समाजिक संविधान का पालन करते हुए समाज में अपने स्वेच्छा से सम्लित हुए। बाघामुड़ा अध्यक्ष को लिखित आवेदन देकर अखिल भारतीय गोंड समाज 18 गढ़ रानी महल पिथौरा राज सुवरमार सर्कल बाघामुड़ा का रिति निति से प्रभावित होकर शामिल होकर सदस्य ग्रहण किया। इस दौरान प्रमुख रूप से अध्यक्ष अरुण ठाकुर, उपाध्यक्ष खेमलाल ठाकुर, महामंत्री परसुराम ठाकुर, संयोजक गेसराम ठाकुर, सचिव रोहित ठाकुर, शिक्षा प्रभारी मनोज ठाकुर, पंच गण धनमंत्री, गैंद ठाकुर, भोला ठाकुर, लाला ठाकुर, रोहित ठाकुर, हेम सिंह, किशन ठाकुर, पप्पू ठाकुर, मठियार थानू राम ठाकुर, समाज दूत दौलत ठाकुर, सदस्यगण सोमलाल, संतराम, घांसी राम, धनसाय, मंतू, आशा राम ठाकुर, भानश ठाकुर एवं मीडिया प्रभारी तूफान दीवान समेत समाज के लोग मौजूद रहे ।

## विश्व पैरा एथलेटिक्स ग्रांड प्रिक्स दिल्ली में महासमुंद के लक्की यादव शामिल होने रवाना हुए

**महासमुंद।** नई दिल्ली में 9 से 13 मार्च तक आयोजित विश्व पैरा एथलेटिक्स में शामिल होने वाली भारतीय टीम में जिले के राष्ट्रीय खिलाड़ी लक्की यादव शामिल होने 8 मार्च को रवाना हुए। लक्की ने राष्ट्रीय चैंपियनशिप में भागीदारी करने के साथ ही 2022-23 में 100 मीटर दौड़ में कांस्य पदक एवं 400 मीटर व 1500 मीटर दौड़ में रजत पदक जीतने में सफलता हासिल किया है। वर्ष 2023-24 से 2025-26 तक लगातार भागीदारी निभाते हुए विश्व पैरा एथलेटिक्स ग्रांड प्रिक्स में क्वालीफाई किया। लक्की यादव के चयन कलेक्टर विनय कुमार लंगेह, सीईओ हेमंत नंदनवार, अपर कलेक्टर रवि साहू, उपसंचालक समाज कल्याण संगीता सिंह, खेल अधिकारी खेल एवं युवा कल्याण मनोज धृतलहरे सहित फॉर्चून फाउंडेशन विद्यालय के समस्त शिक्षक एवं स्टॉफ ने शुभेच्छा जताई है।



# नेशनल लोक अदालत 14 को, 27 हजार से अधिक प्रकरणों के निराकरण की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

- निःशुल्क स्वास्थ्य जांच की भी व्यवस्था

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में वर्ष 2026 की प्रथम नेशनल लोक अदालत का आयोजन 14 मार्च को किया जाएगा। लोक अदालत का उद्देश्य आपसी समझौते के माध्यम से विवादों का त्वरित और सरल निराकरण करना है। इसी भावना को दर्शाते हुए इसका नारा दिया गया है लोक अदालत का है यह नारा, दोनों जीते कोई न हारा।

नेशनल लोक अदालत में राजीनामा योग्य आपराधिक प्रकरण, दीवानी प्रकरण, चेक बाउंस, धन वसूली, मोटर दुर्घटना दावा प्रकरण तथा ट्रैफिक चालान से जुड़े मामलों का निराकरण किया जाएगा। इसके अलावा ऐसे प्रकरण जो अभी न्यायालय में प्रस्तुत नहीं हुए हैं, उन्हें प्री-लिटिगेशन के माध्यम से भी सुलझाया जाएगा। इनमें बैंक बकाया, विद्युत बकाया, जल एवं संपत्ति कर बकाया तथा टेलीफोन बिल से जुड़े मामले शामिल हैं। जिला एवं सत्र न्यायालय बलौदाबाजार में नेशनल लोक अदालत की मुख्य खंडपीठ का गठन किया जाएगा। इसके साथ ही व्यवहार न्यायालय भाटापारा, सिमगा और कसडोल में भी खंडपीठ स्थापित की जाएगी। इसके अलावा राजस्व एवं तहसील न्यायालयों में लंबित प्रकरणों के निराकरण के लिए भी खंडपीठ गठित की गई है।

नेशनल लोक अदालत में आने वाले पक्षकारों की सुविधा के लिए न्यायालय परिसर में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच की व्यवस्था भी की गई है। जिला न्यायालय, राजस्व न्यायालय और तहसील न्यायालयों में लंबित मामलों सहित विभिन्न विभागों के कुल लगभग 27 हजार प्रकरण अब तक लोक अदालत के लिए चिन्हांकित किए जा चुके हैं। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बलौदाबाजार ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे नेशनल लोक अदालत में सक्रिय सहभागिता करते हुए अपने प्रकरणों का आपसी समझौते के माध्यम से निराकरण कराएं और इस व्यवस्था का लाभ उठाएं।

# सामूहिक दादा गुरुदेव इकतीसा जाप का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

आचार्य भगवंत मनोज्ञ सागर महाराज के स्वप्न को यथार्थ में बदलने चादर महोत्सव का आयोजन राजस्थान की पावन धरा जैसलमेर में गुरु भगवंत युग दिवाकर, राष्ट्र रत्न संत खरतरगच्छाचार्य जिनमणिप्रभ सागर महाराज साहब की निश्रा में 6- 7 -8 मार्च को मनाया गया और उन्हीं के आदेशों का पालन करते हुए पूरे विश्व में 7 मार्च दिन शनिवार को एक करोड़ लाख गुरु इकतीसा का जाप एक ही दिन हुआ। उक्त कार्यक्रम के तहत स्थानीय गांधी चौक शांतिनाथ भवन में जैन संघ के तत्वावधान में खरतरगच्छ महिला परिषद द्वारा संकट मोचन दादा गुरुदेव इकतीसा पाठ का आयोजन किया गया। खरतरगच्छ महिला परिषद की सभी सदस्यों ने अथक परिश्रम कर इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए जैन समाज के एक-एक सदस्यों के साथ-साथ अन्य समाज के लोगों को तथा स्थानीय जनप्रतिनिधियों को भी इस कार्यक्रम से जोडा तथा उन्हें आमंत्रित किया गया। निश्चित समय में लगभग 500 लोगों ने एक साथ गुरु इकतीसा का जाप प्रारंभ किया। गुरु इकतीसा जाप उपरांत खरतरगच्छ महिला परिषद द्वारा महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू, भारतीय जनता पार्टी के जिला के अध्यक्ष ऐतराम साहू, पूर्व जिला अध्यक्ष कांग्रेस कमेटी रश्मि चंद्राकर, बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अनिल शर्मा प्रलय थिटे आदि का तिलक दुपट्टा एवं फल से सम्मान किया गया।



उद्बोधन में विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने कहा कि उक्त कार्यक्रम से व्यक्ति निर्माण तथा सामूहिक एकता की झलक दिखाई देती है। गुरु भगवंतो के प्रति श्रद्धा व्यक्त करते हुए महासमुंद की सुख समृद्धि की कामना की। उद्बोधन के बाद लकी ड्रॉ के माध्यम से उपस्थित लोगों में से कुछ विजेताओं को खरतरगचछ महिला परिषद तथा गुरुदेव भक्त मंडल के द्वारा पुरस्कृत किया गया।

## दादा नकुलदेव ढीढी के 112वीं जयंती समारोह के लिए मुख्यमंत्री को दिया आमंत्रण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ मुक्ति केंद्र के प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से छत्तीसगढ़ विधानसभा स्थित मुख्यमंत्री कार्यालय में सौजन्य मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री साय को 12 अप्रैल को महासमुंद जिले के भोरिंग चौक तुमगांव में स्थित दादा नकुलदेव ढीढी प्रतिमा स्थल पर आयोजित होने वाले 112वीं जयंती समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया। उन्होंने कहा कि महापुरुषों की जयंती के अवसर पर आयोजित ऐसे आयोजन समाज में जागरूकता और सामाजिक समरसता को बढ़ावा देते हैं। इस दौरान महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा की उपस्थिति में प्रतिनिधिगण के रूप में प्रदेश अध्यक्ष बीरेंद्र कुमार ढीढी, प्रदेश सचिव प्रकाश टंडन, जिला अध्यक्ष सत्यानंद जेंड्रे, सचिन गायकवाड़, गुलाब साय, भागचंद चतुर्वेदी, जिला सचिव श्यामलाल मन्नाडे, अमित ढीढी, पोषणलाल बघेल, गेंदलाल जांगड़े, मेलाराम बंजारे, रामनंद मूर्ति, गोविंद चतुर्वेदी, भोलू ध्रुव मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप



### भारत स्काउट गाइड के पदाधिकारियों ने कलेक्टर से की मुलाकात

**बलौदाबाजार**। कलेक्टर कुलदीप शर्मा से भारत स्काउट एवं गाइड जिला संघ के पदाधिकारियों ने बुधवार को सौजन्य भेंट की। इस अवसर पर जिले में स्काउटिंग की प्रगति के साथ ही अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। कलेक्टर श्री शर्मा ने जिले के सभी शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों में स्काउट गाइड की संचालन, गतिविधियों सहित कार्यक्रमों की जानकारी ली और विस्तार के सम्बन्ध में भी चर्चा की। इस अवसर पर जिला मुख्य आयुक्त डॉ. अजय राव, जिला अध्यक्ष रामाधार पटेल, लीडर ट्रैनर के आर कश्यप, जिला कोषाध्यक्ष पीयूष मिश्रा, जिला आयुक्त गाइड वंदना तिवारी सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

### उधार का पैसा वापस मांगने पर दुकानदार से मारपीट

**महासमुंद**। उधारी का पैसा वापस मांगने पर दुकानदार से चार लोगों ने मारपीट कर दी। बसना पुलिस को पंकज अग्रवाल पिता राजकुमार अग्रवाल (29 साल) वार्ड नं 9 बसना ने बताया कि उसकी किराना व डेली नीड्स की दुकान है। करीब एक साल पहले उसने भतीजा हिमांशु अग्रवाल को 4 लाख 91हजार रुपए उधार दिया था। उधार का पैसा वापस मांगने पर वह टालमटोल करता था। 10 मार्च को जब उसने अपने भतीजे हिमांशु अग्रवाल से उधार का पैसा वापस मांगा तब उसके साथ आरोपी संतोष अग्रवाल, लक्ष्मी बाई अग्रवाल, तानिया अग्रवाल, हिमांशु अग्रवाल ने गाली गलौज कर मारपीट कर दी। बीच बचाव करने आई प्रार्थी की पत्नी और मां के साथ भी आरोपियों ने मारपीट कर दी। रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 3(5) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

### मारपीट के मामले में चार के विरूद्ध जुर्म दर्ज

महासमुंद। ग्राम जबलपुर में एक व्यक्ति के साथ मारपीट के मामले में चार लोगों के खिलाफ बसना थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि जबलपुर के धनीराम राणा के साथ उसके बेटे तुकाराम राणा, सिंधु राणा, प्रताप राणा, सुनील राणा ने मारपीट कर दी। इस दौरान बीच बचाव करने पर प्रार्थी के छोटे लड़के के साथ तुकाराम ने मारपीट की। मामले की रिपोर्ट पर धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### गोंडवाना समाज का वार्षिक सम्मेलन 21 से

**नगरी**। आदिवासी गोंडवाना समाज सेवा समिति तहसील नगरी का तहसील स्तरीय दो दिवसीय वार्षिक सम्मेलन 21 एवं 22 मार्च को उपक्षेत्र दुगली के ग्राम गुहाननाला में आयोजित किया जाएगा। इस संबंध में समाज की बैठक गुहाननाला में आयोजित की गई थी। बैठक के दौरान तहसील अध्यक्ष द्वारा क्षेत्रीय अध्यक्ष दुगली को सम्मेलन की जिम्मेदारी सौंपते हुए सप्तरंगी गोंडवाना ध्वज प्रदान किया गया। आगामी सम्मेलन में समाज की रीति-नीति, कला, साहित्य, संस्कृति तथा सामाजिक एकता जैसे विषयों पर विचार-विमर्श किया जाएगा। धर्मांतरण, नशामुक्ति, शिक्षा जागरूकता जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विद्वानों द्वारा अपने विचार समाज के बीच प्रस्तुत किए जाएंगे। सम्मेलन में सामाजिक प्रकरणों पर चर्चा, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं समाज की परंपराओं से जुड़े कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे।

## निधन

### बिसंभर सेन

**पलारी**। नगर निवासी बिसंभर सेन



लवन राज समाज सेवक का निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया, जहां बड़ी संख्या में शामिल होकर नागरिकों ने श्रद्धांजलि अर्पित की। वे बिसनाथ व विश्राम सेन के भाई थे।

# प्रतिनिधिमंडल ने कलेक्टर से सामाजिक व गिरौदपुरी धाम के विकास पर की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ पलारी

सतनामी समाज के प्रतिनिधिमंडल ने सामाजिक कार्यकर्ता एवं प्रांताध्यक्ष विक्रम राय गुरुजी के नेतृत्व में कलेक्टर कुलदीप शर्मा से सौजन्य मुलाकात की। इस अवसर पर प्रतिनिधि मंडल द्वारा कलेक्टर को बाबा गुरु घासीदास जी का तैल चित्र, साल, श्रीफल एवं बुके भेंट कर सम्मानित किया गया। बैठक में तेलासी पुरी धाम में चल रहे निर्माण कार्यों की गुणवत्ता को लेकर भी विस्तार से चर्चा की गई तथा निर्माण कार्यों को बेहतर तरीके से पूर्ण कराने की बात कही गई। इसके अलावा पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी कैलाशगढ़ में सामूहिक सामाजिक विवाह कार्यक्रम आयोजित करने के संबंध में कलेक्टर से चर्चा की गई, जिस पर कलेक्टर ने सहमति व्यक्त की। इस अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ता और संकुल शैक्षिक समन्वयक संघ प्रांत अध्यक्ष विक्रम राय, भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा जिला अध्यक्ष चरणदास तेरहवंश, जनपद सदस्य कृष्ण आजाद, अंगद दयाल खूंटे, सतनामी समाज ब्लॉक अध्यक्ष लोचन प्रसाद बांधे, जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र रात्रे, पूर्व सरपंच महेश बारले, हेमंत तेरहवंश, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष एवं पूर्व सरपंच नूलेश्वरी बंजारे, कैलाशगढ़ संरक्षक कलश महिलांगे, परमेश्वर गेडरे, कैलाशगढ़ अध्यक्ष रूपेंद्र खूंटे, संदीप घृतलहरे पंच अमेरा तथा समीर घृतलहरे सहित समाज के अन्य प्रतिनिधि बड़ी संख्या उपस्थित थे।

### कलेक्टर को बाबा गुरु घासीदास जी का तैल चित्र भेंट कर किया सम्मान



#### नशा मुक्ति जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा

मुलाकात के दौरान प्रतिनिधिमंडल ने सतनामी समाज की वर्तमान स्थिति, शिक्षा के विस्तार, सामाजिक जागरूकता और नशा मुक्ति जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की। समाज में बढ़ती नशा प्रवृत्ति को लेकर चिंता व्यक्त करते हुए समाज को नशा पान से मुक्त करने के लिए जन जागरूकता अभियान चलाने की आवश्यकता पर जोर दिया गया।इसके साथ ही गिरौदपुरी गुरुद्वारा एवं बाबा गुरु घासीदास की जन्मस्थली गिरौदपुरी धाम के विकास से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर भी चर्चा की गई। प्रतिनिधि मंडल ने धाम में भवन निर्माण, सड़कों के विस्तार, पेयजल व्यवस्था सहित अन्य बुनियादी सुविधाओं को सुदृढ़ करने की मांग रखी। कलेक्टर शर्मा ने इन विषयों पर सकारात्मक पहल का आश्वासन दिया।

## राम भजन और मानस पाठ से गूंजे तीनों गांव, श्रद्धालुओं की लगी भीड़

# अंचल में बह रही राम नाम की बयार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अर्जुनी



ग्राम अर्जुनी, खैरताल एवं टोनाटार में इन दिनों राम नाम की अविरल धारा बह रही है। श्री रामचरित मानस की अविरल धारा की भक्ति में तीनों गांव डूबा है। ग्राम अर्जुनी के गांधी चौक में 8 से 17 मार्च तक अखंड नवधा रामायण ग्राम टोनाटार के गुड़ी चौक में सात दिवसीय 8 से 15 मार्च तक एवं खैरताल में 10 से 17 मार्च तक सात दिवसीय रामायण समारोह प्रारंभ हो गए हैं। आयोजन में प्रतिदिन आसपास के गांवों से श्रद्धालु रामायण सुनने पहुंच रहे हैं। रामायण पाठ का श्रवण भी कर रहे हैं। वहीं राम भजन के माध्यम से रामचरित मानस के दोहे व चौपाई दिन रात आयोजन स्थल पर चल रहा है। आयोजन स्थल पर देर रात तक रामायण में दूरदराज क्षेत्रों से पहुंच रहे मानस मंडलियों द्वारा सुंदर राम भजन की प्रस्तुति दी जा रही है। मानस प्रेमियों का रोजाना ताता लगा रहता है। अर्जुनी, टोनाटार, खैरताल में रामायण समारोह के आयोजन से गांव भक्तिमय वातावरण में सराबोर हो उठे हैं। तीनों गांवों में आयोजन समितियो की ओर से बाहर से आने वाले मानस गायन मंडलियों रामायण प्रेमी एवं श्रोताओं के लिए भोजन भंडारा की व्यवस्था भी की गई है।

## करमदा में 9 दिवसीय नवधा रामायण स्पर्धा का शुभारंभ



**बलौदाबाजार**। जनपद पंचायत के अंतर्गत ग्राम करमदा में 9 दिवसीय श्री नवधा रामायण प्रतियोगिता का शुभारंभ मंगलवार को श्रद्धा और उत्साह के साथ हुआ। यह आयोजन 10 से 19 मार्च तक आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम के शुभारंभ पर जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा गोलू जायसवाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। उनके आगमन पर ग्रामवासियों द्वारा भव्य स्वागत किया गया।

कार्यक्रम में ग्राम की महिलाओं द्वारा कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें महिलाओं ने पूरे गांव का भ्रमण करते हुए धार्मिक वातावरण का निर्माण किया। इसके पश्चात मुख्य अतिथि आकांक्षा जायसवाल ने अखंड ज्योत प्रज्वलित कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया।

रामायण प्रतियोगिता के आरंभ होते ही पूरा गांव रामनाम संकीर्तन से गुंजायमान हो गया। आयोजन समिति द्वारा बताया गया कि प्रतियोगिता में उत्कृष्ट सुगम संगीत एवं लोक संगीत की प्रस्तुति देने वाली रामायण मंडलियों के लिए अलग-अलग पुरस्कार निर्धारित किए गए हैं। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा जायसवाल ने रामायण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भगवान श्रीराम का संपूर्ण जीवन हमें सत्य, मर्यादा और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। रामायण का प्रत्येक प्रसंग मानव जीवन को श्रेष्ठ बनाने का संदेश देता है।

## भागवत कथा के चतुर्थ दिवस श्रीकृष्ण प्रकट उत्सव मना

हरिभूमि न्यूज ⏭ सेल



ग्राम मोतीपुर में आयोजित भागवत महापुराण कथा का चतुर्थ दिवस श्रीकृष्ण प्रकट उत्सव धूमधाम से मनाया गया । कथा की शुरुआत गजेंद्र मोक्ष की कथा से प्रारम्भ की गई, जिसमें आचार्य पं. कीर्तिकुमार पाण्डेय ने श्रोताओं को बताया की गजेंद्र ही जीव का प्रतिक है और ग्राह काल का प्रतिक है।

जब जीव को काल रूपी ग्राह पकड़ लेता है तो कितना भी बड़ा परिवार हो जीव कितना ही बलवान हो चाहकर भी अपने आप को काल के बंधन से नहीं छुड़ा सकता, केवल एक परमात्मा ही है जो जीव को काल के बंधन से मुक्त कर सकते हैं।

समुद्र मंथन की कथा का उल्लेख किया गया जिसमें बताया गया कि संसार ही सागर है और इसमें विष भी है और अमृत भी है संसार की निंदा ही विष है और यश अमृत है मंथन (चिंतन) स्वयं करना है, जो निंदा रूपी विष को पिता है उसे ही यश रूपी अमृत तत्व की प्राप्ति होती है, उसके बाद भगवान के वामन अवतार की कथा कही गई, जिसमें वामन भगवान की झांकी निकाली गई आगे सूर्यवंश के वर्णन मे मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री रामचंद्र जी के चरित्र की सुन्दर व्याख्या की गई। आज की कथा में ग्राम मोतीपुर सहित आमाखोहा, खर्री, बिलारी, सहित आसपास के सैकड़ों भक्त शामिल हुये ।

### बांध के पास जुआ खेल रहे सात लोगों के विरूद्ध कार्रवाई

**महासमुंद**। बागबाहरा पुलिस ने सोनदादर बांध के पास जुआ खेल रहे सात लोगों के विरूद्ध कार्रवाई की है। पुलिस ने सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचकर करण ध्रुव पिता स्व शंकर ध्रुव (24 वर्ष) मौलीमुड़ा थाना बागबाहरा के पास से 1000 रुपए फड़ से 2500 रुपए कुल 3500 रुपए, गामा राजपूत पिता रामकृपाल राजपूत (42 वर्ष) सुनसुनिया थाना बागबाहरा के पास से 500 रुपए एवं फड़ से 1500 रुपए कुल 2000 रुपए तथा एक सैमसंग कंपनी का टच स्क्रीन मोबाईल कीमत 8000 रुपए कुल 10000 रुपए, सेवक ध्रुव पिता इच्छाराम ध्रुव (36 वर्ष) जुनवानी खुर्द के पास से 700 रुपए एवं फड़ से 1300 रुपए कुल 2000 रुपए एवं एक रेडमी कंपनी का टच स्क्रीन मोबाईल 5000 रुपए कुल 7000 रुपए, भुनेश पटेल पिता जोहन लाल पटेल (35 वर्ष) एमकेबाहरा के पास से 800 रुपए एवं फड़ से 700 रुपए कुल 1500 रुपए, रज्जाक खान पिता हारून खान (35 वर्ष) वार्ड नं 09 पिथौरा रोड बागबाहरा के पास से 1200 रुपए एवं फड़ से 800 रुपए कुल 2000 रुपए, अजहर अली के पास से 1000 से एवं एवं एक सोनू साहू पिता स्व सीताराम साहू (35 वर्ष) वार्ड नं 08 मेन रोड बागबाहरा के पास से 470 रुपए एवं फड़ से 700 रुपए कुल 1170 रुपए बरामद किया गया।

## प्राथमिक स्कूल में हुआ न्योता भोज का

**गोपालपुर**। शासकीय प्राथमिक शाला हरदी भ संकुल रोहिना में न्योता भोज का आयोजन हुआ। जुनवानी पंचायत के आश्रित ग्राम हरदी के पितर बाई खूंटे ने पारिवारिक कार्यक्रम के लिए न्योता भोज कराया। शासकीय प्राथमिक शाला हरदी भ के न्योता भोज कार्यक्रम में गौरी शंकर कर्ष संकुल समन्वयक रोहिना, भरत लाल साहू प्रभारी प्रधान पाठक शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय रोहिना, मनीष कुमार साहू, निर्मला खूंटे आदि उपस्थित रहे साथ ही सभी बच्चों को न्योता भोज कराया गया। शासकीय प्राथमिक शाला हरदी भ के प्रधान पाठक रामदुलार निराला के मार्गदर्शन से न्योता भोज कार्यक्रम आयोजित किया गया।



## संयंत्र के शिविर में 150 ग्रामीणों ने करायी आंख की जांच





हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

अल्ट्राटेक कुकुरदी सीएसआर एवं श्री गणेश विनायक फाउंडेशन मोबाईल यूनिट रायपुर के संयुक्त तत्वावधान में नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस कैंप में नेत्र विशेषज्ञों द्वारा आंख जांच कर आवश्यकतानुसार आंखों में डालने वाला ड्राप, चश्मा तथा जरूरी सलाह निःशुल्क दी गई। यह पहल ग्रामीणों को मोतियाबिंद सहित अन्य नेत्र रोगों से बचाव एवं आंखों की देखभाल के प्रति जागरूक करने में सहायक सिद्ध हुई। इस दौरान 150 मरीजों ने अपनी आंखों का जांच करायी। कुकुरदी सरपंच टिकेश्वर ध्रुव, उपसरपंच डोमार साहू पंचगण एवं ढनढनी सरपंच प्रतिनिधि रंजित ध्रुव, उपसरपंच भुपेन्द्र साहू व पंच तथा ग्रामीणों ने अल्ट्राटेक कुकुरदी सीएसआर का आभार व्यक्त किया।

## अग्निवीर भर्ती में शामिल होने युवाओं को प्रेरित करें अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

- कलेक्टर ने ऑनलाइन बैठक में अधिकारियों के दिये निर्देश

भारतीय सेना में अग्निवीर भर्ती हेतु जिले से अधिक से अधिक युवाओं को आवेदन हेतु प्रेरित किया जाएगा। कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने बुधवार को आईटीआई, पॉलिटेक्निक, महाविद्यालय, जनपद सीईओ, मुख्य नगर पालिका अधिकारियों की ऑनलाइन बैठक लेकर अग्नि वीर भर्ती के सम्बन्ध में जरूरी निर्देश दिये।



कलेक्टर ने कहा कि आईटीआई, पॉलिटेक्निक एवं महाविद्यालयों में अग्निवीर भर्ती की व्यापक प्रचार-प्रसार के साथ ही ऑनलाइन फॉर्म भरने की भी व्यवस्था कराएं।

उन्होंने कहा के अगले 21 दिन का लक्ष्य निर्धारित कर आवेदन समयबद्ध कार्ययोजना बनाएं। स्कूली छात्रों को प्रोत्साहित करने के लिये बीईओ व बीआरसी के माध्यम से लक्ष्य निर्धारित कर फार्म भरवाएं। उन्होंने एनएसएस एवं एनसीसी कैडेट को भी इस भर्ती की पर्याप्त जानकारी देने कहा।

सेना भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया 1 अप्रैल तक खुली रहेगी। आवेदन अग्निवीर पुरुष जनरल, तकनीकी, लिपिक,स्टोर कीपर, ट्रेड्समैन दसवीं पास, ट्रेडमैन आठवीं पास, अग्निवीर महिला (सेना पुलिस) तथा स्थाई कैडर नर्सिंग असिस्टेंट वेट और सिपाही फार्मा के पदों के लिए अधिसूचना जारी किया गया है। ऑनलाइन कॉमन एंट्रेंस एग्जाम 1 जून से 10 जून के मध्य आयोजित होने की संभावना है।

## पेज 11 के शेष

### सचिव के तबादले से ...

पंचायत सचिव द्वारा पंचायत की आय-व्यय (आवक-जावक) की जानकारी जनप्रतिनिधियों को नहीं दी जाती है। उन्होंने आरोप लगाया कि हाल ही में हथबंद में खुली नई शराब भट्टी के मामले में पंचायत की राशि लगाकर पंचायत को नुकसान पहुंचाया गया है।

ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों का यह भी आरोप है कि सचिव के स्थानांतरण के पीछे कुछ जनप्रतिनिधियों का हाथ है। उनका कहना है कि दोनों आपस में रिश्तेदार हैं, जिसके कारण पंचायत के प्रशासनिक मामलों में प्रभाव डाला जा रहा है।

### जुआ खेलते 7...

7 मोबाइल फोन भी जब्त किए हैं। पुलिस ने सभी आरोपियों के विरुद्ध छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 की धारा 3(2) के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

### सुनसुनिया में ट्रैक्टरों...

के एक अन्य भयंकर नुकसान से भी अवगत कराते चले कि ट्रैक्टर चालक बिना हेवी लायसेंस के गाड़ी दौड़ा रहे हैं, स्कूलों की छुट्टी होने के बाद बच्चे घर जाने में उत्साहित रहते हैं लेकिन रेत लोडिंग ट्रैक्टर चालकों को इन बच्चों की परवाह नहीं रहता है। छुट्टी के बाद स्कूली बच्चों के भीड़ में गाड़यिा दौड़ाने का मामला सुर्खियों में छाया हुआ है। सुनसुनिया के साथ साथ चंगोरी त्रिवेणी संगम पर किसी ठेकेदार द्वारा बिना अनुमति के रपटा बनाकर अवैध वसूली किये जाने का मामला सामने आया है।

### निर्मला साहू कसडोल...

इन महिला कार्यकर्ताओं को नवीन दायित्व मिलने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी के साथ बधाई दी और खुशियां मनाईं। अपनी नियुक्ति पर निर्मला साहू और ममता कर्ष ने संयुक्त रूप से कहा कि पार्टी ने उन पर जो भरोसा जताया है, वे उसे पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ निभाएंगी। उन्होंने संकल्प लिया कि शासन की जनहितकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए वे पूरी मेहनत से कार्य करेंगी।

### भगवान आदिनाथ जन्म...

इसमें छत्तीसगढ़ जैन समाज के 69 मंदिर के पदाधिकारी पहुंचेंगे। इस वर्ष सामाजिक रचनात्मक एवं धार्मिक कार्यों पर जिन महानुभावों ने विशेष कार्य संपन्न किए हैं उनका सम्मान मंच के माध्यम से किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि औद्योगिक विकास निगम मंडल के अध्यक्ष राजीव अग्रवाल रायपुर, भाटापारा नगर पालिका के अध्यक्ष अश्वनी शर्मा राष्ट्रीयअल्पसंख्यकआयोग एडवाइजरी पैनल सदस्य प्रकाश मोदी विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे।

## बैंक ने व्यापारियों को सिक्कों का वितरण किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा



शादी सीजन को ध्यान में रखते हुए व्यापारियों को चिल्लर की समस्या से राहत देने के उद्देश्य से आज स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, भाटापारा शाखा के सहयोग से हटरी बाजार स्थित छाबड़िया किराना में सिक्का वितरण कैंप का आयोजन किया गया। इस कैंप में बैंक के ब्रांच मैनेजर सुबोध सिंह के सहयोग से हटरी बाजार, सदर बाजार सहित नगर के अनेक व्यापारियों को 10 के सिक्कों का वितरण किया गया। कुछ ही घंटों में लाखों रुपये के सिक्के व्यापारियों को वितरित कर दिए गए, जिससे व्यापारियों को काफी राहत मिली।

चिल्लर पैसों की लगातार आ रही समस्या को देखते हुए यह पहल चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष गुरमुख गंगवानी एवं प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीचंद छाबड़िया, अमरजीत सिंह सलूजा उपाध्यक्ष चेंबर ऑफ कॉमर्स के नेतृत्व में की गई।

बताया गया कि ऐसा ही जल्द ही एक बड़ा कैंप आयोजित किया जाएगा, जिसमें व्यापारियों की सुविधा के लिए नोटों और सिक्कों दोनों की पर्याप्त व्यवस्था की जाएगी।

HEALTH TOWN
DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बावासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### पूर्व माध्यमिक शाला में हुआ विदाई समारोह

**गोपालपुर।** विकासखण्ड बिलाईगढ़ अन्तर्गत शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला जैतपुर में कक्षा 6, 7वीं के छात्र छात्राओं ने कक्षा 8 वी की छात्र छात्राओं को विदाई दी। सभी छात्र छात्राओं का गुलाल से स्वागत एवं कापी, पेन से सम्मान किया गया। सभी छात्र-छात्राओं को चिट्ठा निकालकर लिखा हुआ ऑप्शन से ही बोलने एवं एक्टिविटी करने को कहा गया। जगदीश प्रसाद अजय प्रधान पाठक ने कहा कि यह एक भावुक क्षण है, जिसमें छात्र-छात्राओं को विदाई दी जा रही है, तो दुख जरूर होता है, लेकिन आगे की कक्षा में जाकर अपने भविष्य के निर्माण करता है। खुद की अनुभूति जरूर होता है। शिक्षकों ने उद्बोधन में सभी छात्र-छात्राओं को हौसला बढ़ाते हुए परीक्षा के तैयारी के संबंध में मार्गदर्शन दिऐ। कार्यक्रम में राधेश्याम निलकमल, सुनीता भारतीय, रिजवाना बेगम, लक्ष्मी पटेल एवं निलीमा पटेल उपस्थित थीं।

### कर्मदा में रामायण प्रतियोगिता शुरू

**बालौदाबाजार।** समीपस्थ ग्राम कर्मदा के पीपर पारा चौक में 10 से 19 मार्च रामायण प्रतियोगिता का आयोजन तक रखा गया है, जिसमें श्रद्धालुओं से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाने का आह्वान किया गया है। साथ ही सुगम संगीत एवं लोक संगीत कार्यक्रम में भाग लेने वाले टोलियों के लिए पुरस्कार रखा गया है। सुगम संगीत प्रतियोगिता 17 मार्च को दोपहर 12 बजे से प्रारंभ होगी, वहीं लोक संगीत में प्रतियोगिता 18 मार्च दिन को दोपहर 12 से प्रारंभ होगा। शुभम संगीत प्रतियोगिता हो चाहे लोग संगीत प्रतियोगिता हो पहला पुरस्कार पांच हजार पांच सौ इक्यावन रुपए, दूसरा ईनाम चार हजार पांच सौ इक्यावन, तीसरा ईनाम तीन हजार पांच सौ इक्यावन रुपए, चतुर्थ ईनाम तीन इक्यावन रुपए, पंचम ईनाम दो हजार पांच सौ इक्यावन रुपए, छटवा ईनाम दो हजार इक्यावन रुपए, सातवां ईनाम एक हजार पांच सौ इक्यावन रुपये रखा गया है। प्रतियोगिता में सुगम संगीत हो चाहे लोक संगीत में भाग लेने वाले तालियां के लिए समान रूप से इनाम रखा गया है।

### ट्रक की टक्कर से एक घायल

**महासमुंद।** हाईवा ट्रक की टक्कर से एक व्यक्ति के घायल होने के मामले में कोतवाली पुलिस ने आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है। पुलिस ने बताया कि बिरकोनी निवासी नरेंद्र चंद्राकर 23 दिसंबर 2025 को अपनी बाइक सीजी 06 जीडी 3165 से बेलसोंडा सोसायटी से काम करके अपने घर ग्राम बिरकोनी जा रहा था। दोपहर करीब 3.30 बजे रायपुर रोड धरमकांटा के आगे ग्राम बेंलसोंडा पहुंचा था तभी ग्राम घोडारी की तरफ से आ रहे हाईवा क्र. सीजी 04 क्यूजे 9772 के चालक द्वारा अपने वाहन को तेज रफ्तार एवं लापरवाहीपूर्वक चलाते हुये लाकर मोटर सायकल को सामने से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया।

# मुसवाडीह में टैंकर से पानी की सप्लाई, ग्रामीणों को मिली राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिरमी-रावन

गर्मी के बढ़ते प्रभाव के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल संकट गहराने लगा है। इसी स्थिति को देखते हुए ग्राम पंचायत मुसवाडीह में सरपंच अंजलि पवन कुमार सारथी के सहयोग से ग्रामीणों को पेयजल उपलब्ध कराने की व्यवस्था की गई है। गांव में पानी की कमी को देखते हुए ट्रैक्टर टैंकर के माध्यम से घर-घर तक पानी पहुंचाया जा रहा है, जिससे ग्रामीणों को काफी राहत मिल रही है। ग्राम पंचायत मुसवाडीह में इन दिनों हैंडपंप और अन्य जल स्त्रोतों में पानी की कमी के कारण लोगों को पेयजल के लिए परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। ग्रामीणों की समस्या को गंभीरता से लेते हुए सरपंच अंजलि पवन कुमार सारथी द्वारा तत्काल पहल की गई और ट्रैक्टर टैंकर के माध्यम से गांव में पेयजल की आपूर्ति शुरू करवाई गई। इस पहल के चलते प्रतिदिन गांव के विभिन्न मोहल्लों में ट्रैक्टर के जरिए पानी पहुंचाकर लोगों को उपलब्ध कराया जा रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि पानी की समस्या के कारण पहले उन्हें दूर-दराज के स्थानों से पानी लाना पड़ता था, जिससे काफी समय और श्रम लगता था। लेकिन अब पंचायत की इस व्यवस्था से गांव में ही पानी उपलब्ध हो रहा है, जिससे महिलाओं और बच्चों को विशेष रूप से राहत मिली है। इस दौरान कई ग्रामीण अपने बर्तन, बाल्टी और डिब्बों के साथ पहुंचकर पानी भरते नजर आए।

## ग्रामीणों की समस्या पर सरपंच ने की पहल



### किसी ग्रामीण को नहीं होने देंगे पानी की समस्या

सरपंच अंजलि पवन कुमार सारथी ने कहा पंचायत की प्राथमिकता है कि गांव के किसी भी व्यक्ति को पानी की समस्या से जूझना न पड़े। उन्होंने बताया कि पंचायत स्तर पर अन्य जलस्रोतों की भी जांच कराई जा रही है तथा जरूरत पड़ने पर अतिरिक्त व्यवस्था भी की जाएगी। ग्रामीणों ने सरपंच और पंचायत प्रतिनिधियों के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि समय पर की गई यह पहल गांव के लोगों के लिए बहुत मददगार साबित हो रही है। पंचायत के इस प्रयास से गांव में राहत का माहौल है और लोगों को पेयजल के लिए भटकना नहीं पड़ रहा है।

## जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति एवं एनकॉर्ड की बैठक में कलेक्टर ने दिए निर्देश

# मादक पदार्थों के निर्माण और बिक्री पर रखी जायेगी कड़ी निगरानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

कलेक्टर कुलदीप शर्मा की अध्यक्षता में बुधवार को जिला स्तरीय सडक सुरक्षा एवं नार्को समन्वय समिति एनसीओआरडी की बैठक संयुक्त जिला कार्यालय के सभागार में हुई। बैठक में मादक पदार्थों की खेती, निर्माण एवं बिक्री सहित सड़क दुर्घटना में कमी लाने यातायात नियमों क पालन व बलॉक स्पॉट पर संकेतक एवं अन्य सुरक्षात्मक उपाय पर जोर दिया गया।

पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता ने सूचना तंत्र की मजबूती पर जोर देते हुए कहा कि किसी प्रकार की अवैध गतिविधि या शांति भंग होने की स्थिति की सूचना मिलते ही तत्काल कार्यवाही सुनिश्चित हो। अवैध शराब निर्माण, बिक्री, रेत उत्तखनन एवं यातायात पर कड़ी निगरानी रखें। बैठक में अपर कलेक्टर दीप्ति गौते, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हेमसागर सिदार सहित एसडीएम, एसडीओपी, तहसीलदार, टीआई सहित अन्य सम्बधित अधिकारी उपस्थित थे।



### यातायात नियमों का कड़ाई से पालन कराए

कलेक्टर ने यातायात नियमों का कड़ाई से अनुपालन कराने के लिये हेलमेट की अनिवार्यता, 3 सवारी पर प्रतिबंध, वाहन चलाते समय मोबाइल का उपयोग, मोड़ीफाइड साइलेंसर पर प्रतिबन्ध, तेज आवाज वाली डीजे आदि पर कार्यवाही के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि वाहन चालकों का लाइसेंस निलंबित करने के बाद दोबारा गलती करने पर लाइसेंस टर्मिनेट कराएं। नये चिन्हित ब्लैक स्पॉट में आवश्यक सुरक्षा उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश दिये।

### अवैध रेत उत्खनन पर निगरानी के निर्देश

नशे के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम के लिए स्कूल शिक्षा एवं समाज कल्याण विभाग के अधिकारियो को निर्देशित किया। कलेक्टर ने रेत के अवैध उत्तखनन एवं परिवहन सहित ओवर लोड एवं गाड़ियों के स्पीड पर भी निगरानी रखने व उल्लंघन पर कार्रवाई के निर्देश दिये।

### मादक पदार्थों की खेती पर सख्ती

कलेक्टर शर्मा ने मादक पदार्थों की खेती के सबंध में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं पुलिस, वन तथा कृषि विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि अगले तीन दिन में गहन जांच अभियान चलाकर प्रमाण पत्र जारी करें कि अपने क्षेत्र में कोई मादक पदार्थ की खेती नहीं हुई है। उन्होंने चेतवानी दी कि प्रमाण पत्र जारी होने के कहीं भी मादक पदार्थों की खेती की शिकायत मिलने पर सम्बधित के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री पर आबकारी विभाग एवं पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा कार्रवाई पर जोर देते हुए कहा कि 5 लीटर से अधिक महुआ शराब निर्माण पर कड़ी कार्रवाई करें। इसके साथ ही किसी शराब दुकान में ओवर रेट की शिकायत मिलने पर सेल्समेन सहित टीम को बदलने में निर्देश दिये। उन्होंने आदतन अपराधियों पर बांड ओवर की कार्यवाही करने कहा। शैक्षणिक संस्थाओं के 500 मीटर की परिधि में मादक पदार्थों की बिक्री पर रोक, स्कूलों में आपराधिक घटनाओं पर रोक के लिये छात्रों के स्कूल बैग्स की समय समय पर जांच करने के भी निर्देश अधिकारियों को दिये।

# संपर्क केंद्र की पहल से आवेदिका को रुका हुआ मानदेय मिला



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिला प्रशासन द्वारा जन-समस्याओं के त्वरित निराकरण की कड़ी में एक और महत्वपूर्ण सफलता मिली है, जहां संपर्क केंद्र के माध्यम से एक आवेदिका को उनके लंबे समय से रुके हुए मानदेय का भुगतान सुनिश्चित कराया गया।

भाटापारा तहसील के नया गंज वार्ड निवासी शैल कुमारी यादव ने विशेष कोचिंग योजना के अंतर्गत शासकीय पोस्ट मैट्रिक आदिवासी छात्रावास में सत्र 2022-23 के दौरान सेवाएं दी थीं। उन्होंने दिसंबर से फरवरी तक कुल तीन माह की कोचिंग प्रदान की थी, जिसका 6,000 रुपये का मानदेय उन्हें प्राप्त नहीं हुआ था। इस संबंध में उन्होंने 06 मार्च 2026 को संपर्क केंद्र में आवेदन क्रमांक 738 के माध्यम से अपनी शिकायत दर्ज कराई थी। आवेदिका की शिकायत पर तत्काल संज्ञान लेते हुए प्रशासन द्वारा संबंधित विभाग से समन्वय स्थापित किया गया और मामले का त्वरित निराकरण सुनिश्चित किया गया। इसके परिणामस्वरूप 11 मार्च को शैल कुमारी यादव को उनके बकाया मानदेय के रूप में 6,000 रुपये का चेक प्रदान कर दिया गया है।

अपनी समस्या का समाधान होने और प्रशासन की संवेदनशीलता को देखते हुए आवेदिका ने शासन एवं जिला प्रशासन का आभार व्यक्त किया है। यह कार्रवाई शासन की जनता के प्रति जवाबदेही और शिकायतों के समयबद्ध निराकरण की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

# ऑपरेटर और प्लम्बरों का किया गया सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा प्लम्बर दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्लम्बरों एवं पंप ऑपरेटरों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में उप अभियंता कली राम पैकरा ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने में प्लम्बर एवं पंप ऑपरेटरों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। जल जीवन मिशन के अंतर्गत हर घर तक नल से शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के लक्ष्य को प्राप्त करने में इनका विशेष योगदान है। इस अवसर पर जिले के विभिन्न ग्राम पंचायतों से आए प्रशिक्षित प्लम्बर एवं पंप ऑपरेटरों को सम्मानित किया गया तथा उन्हें जल स्त्रोतों के संरक्षण, पाइपलाइन के रख-रखाव एवं जल आपूर्ति व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए प्रेरित किया गया।कार्यक्रम के दौरान जल संरक्षण का संदेश भी दिया गया तथा सभी उपस्थित लोगों से जल के समुचित उपयोग और संरक्षण का संकल्प लेने का आह्वान किया गया।

# फाग गीतों की मस्ती में झूमे कांग्रेस कार्यकर्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सिमगा द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के कांग्रेस पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं गणमान्य नागरिकों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही। सभी ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं और आपसी प्रेम, भाईचारे तथा सौहार्द का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान पारंपरिक फाग गीतों की मधुर प्रस्तुति ने पूरे वातावरण को होली के रंग में रंग दिया। फाग गीतों की धुन पर कांग्रेस कार्यकर्ता झूमते और नाचते नजर आए। पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष भागवत सोनकर, पूर्व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष डॉ. कृष्ण कुमार नायक, सरपंच कुबेर यदु, राजमहंत मोहन गायकवाड़ ने अपने आशीर्वचन में कहा कि होली का पर्व बुराई पर अच्छाई की जीत तथा प्रेम-सौहार्द का प्रतीक है। कार्यक्रम में सतनामी समाज के अध्यक्ष राजमहंत जगमोहन मार्कण्डेय, प्रदेश किसान कांग्रेस महामंत्री विवेक अग्रवाल, जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष चंदू साहू, पूर्व नगर पालिका उपाध्यक्ष एवं पार्षद अविनाश दास, अशोक देवांगन, श्यामलाल देवांगन, हीरालाल साहू, मांधाता साहू, विष्णु कोसले, कान्हा यदु, अजीत भट्ट, राहुल शर्मा, गोलू पाटकर,पुनीत मानिकपूरी, राजा तिवारी, गोलू साहू, दौलत, रणजीत, दाऊ आदि उपस्थित थे।

## ब्लॉक कांग्रेस सिमगा का होली मिलन समारोह मना



### भाईचारे का दिया संदेश

पूर्व मंडी अध्यक्ष सुशील शर्मा ने कहा कि ऐसे आयोजन कार्यकर्ताओं के बीच आपसी संवाद और संगठन की मजबूती के लिए महत्वपूर्ण होते हैं। पूर्व निगम मंडल सदस्य सतीश अग्रवाल ने कहा कि होली जैसे पावन पर्व हमें सभी भेदभाव भुलाकर एक साथ मिलकर खुशियां मनाने की प्रेरणा देते हैं। पूर्व जिला पंचायत सदस्य अभिनव यदु ने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा समाज के सभी वर्गों को साथ लेकर चलने का कार्य करती रही है। वहीं पूर्व जिला पंचायत सदस्य रमेश धृतलहरे ने कहा कि होली का त्योहार समाज में भाईचारे और सद्भाव को बढ़ाने का संदेश देता है।

### विवेक अग्रवाल का हुआ सम्मान

ढोल-मांदर की थाप और फाग की मस्ती से पूरा माहौल उत्साह और उमंग से भर गया। नवनियुक्त प्रदेश किसान कांग्रेस महामंत्री विवेक अग्रवाल का सम्मान किया गया। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि सुनील माहेश्वरी ने कहा कि होली का पर्व समाज में प्रेम, भाई चारे और एकता का संदेश देता है। उन्होंने नवनियुक्त ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रिंकू भाटिया के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि कांग्रेस के कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर जनता की समस्या के लिए हर संघर्ष में साथ देंगे।

### शिक्षक दंपति ने कराया न्योता भोज

**बगबुड़ा।** शासकीय प्राथमिक शाला कानाकोट संकुल धमनी में पदस्थ शिक्षक दंपति सुनीता कान्हा साहू द्वारा अपने पुत्री अनन्या साहू के जन्मदिन पर शाला के बच्चों के लिए न्योता भोज का आयोजन किया, जिसमें बच्चों को लघु अवकाश में अंगूर के साथ ठंडा पेय पिलाया और उपहार में सभी बच्चों को पेन प्रदान किए। उसके पश्चात मध्यान्ह भोजन के समय सभी को न्योता भोज में सेवई, पूरी, भजिया और पापड़ परोस कर अपने पुत्री का जन्मदिन को यादगार बनाए। न्योता भोज पाकर सभी बच्चे खुश नजर आए।



### श्रद्धा के साथ मनाई गई शीतला अष्टमी



**खरोरा।** क्षेत्र के शीतला माता मंदिर में बुधवार को शीतला अष्टमी का पर्व मनाया गया। सुबह तड़के से ही श्रद्धालुओं की भीड़ मंदिर में उमड़ने लगी। महिलाओं ने प्रातःकाल स्नान कर माता शीतला की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की और परिवार की सुख-समृद्धि तथा निरोगी जीवन की कामना की। मंदिर परिसर में सुबह करीब 4 बजे से ही भक्तों का आना शुरू हो गया, जो देर रात तक जारी रहने की संभावना है। भक्तों ने माता को ठंडे भोग का प्रसाद अर्पित किया। परंपरा के अनुसार इस दिन एक दिन पहले बनाया गया ठंडा भोजन ही ग्रहण किया जाता है। कई स्थानों पर महिलाओं ने समूह में एकत्र होकर माता के भजन और गीत गाए तथा पूजा-अर्चना की। श्रद्धालुओं का मानना है कि माता शीतला की आराधना से चेचक और त्वचा संबंधी रोगों से रक्षा होती है तथा घर-परिवार में सुख-शांति बनी रहती है।

## विधायक रोहित साहू ने किया कंडरा समाज के सामाजिक भवन का भूमिपूजन

# राजिम में हुआ कंडरा समाज का वार्षिक अधिवेशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बंगोली

कंडरा आदिवासी कोसरिया समाज राजिम राज का दो दिवसीय वार्षिक अधिवेशन राजिम में हुआ। अधिवेशन में सर्वप्रथम ईष्ट देव संत सुपल भगत, गड़िया देव के तैल्य चित्र पर पूजा अर्चना कर बैठक प्रारंभ हुई। कंडरा समाज प्रमुख विजय कंडरा राजिम विधायक प्रतिनिधि के प्रयास से राजिम विधायक रोहित साहू द्वारा विधायक निधी से कंडरा समाज के लिये सामाजिक भवन के लिए 25 लाख की स्वीकृति दी गई, जिसका भूमिपूजन राजिम विधायक रोहित साहू द्वारा किया गया। मुख्यअतिथि विधायक रोहित साहू खुमरी व आदिवासी पीला सॉफा बॉधकर गीत गया गया। बैठक में विजय कंडरा सिर्री, लोचन कंडरा नारी, सत्यप्रकाश कंडरा राजिम, भीम कंडरा रायपुर, टीकम कंडरा कुरुद साथ ही पूर्व पदाधिकारी कौशल कंडरा, कैलाश कंडरा, जगदेव कंडरा, रेखा बॉसवार इसके अलावा डॉ. विरेन्द्र कंडरा एमबीबीएस, भुवन कंडरा शिक्षक खरियार रोड, अशोक कंडरा, जगमोहन कंडरा, गोठू, अंगद कंडरा, आरंग, किशन कंडरा, रुपकुंवर कंडरा सरपंच रजनकटा, यादराम कंडरा, पवन कंडरा, बाबूलाल कंडरा, राजकुमार कंडरा राजिम, लक्ष्मीनाथ, पुरुषोत्तम, जितेन्द्र कंडरा, चेतन कंडरा, शिवभूषण कंडरा पारागॉव, रामानंद कंडरा, चुम्मन कंडरा नयापारा आदि उपस्थित थे।



### जगदेव कंडरा का सम्मान



बंगोली। कंडरा आदिवासी कोसरिया समाज राजिम राज के दो दिवसीय वार्षिक अधिवेशन में राजिम विधायक रोहित साहू ने शाल, श्रीफल से जगदेव कंडरा का सम्मान किया।

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 16,500/
12 ज्योतिर्लिंग
स्पेशल ट्रेन से 29 जुलाई से 08 अगस्त 2026 तक
रिजर्वेशन कोच
07 मई, 21 मई, 04 जून 2026 (11 दिन)
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
श्री द्वारिकाधीश, श्री द्वारिकाभेंट, श्री शिर्डी साई बाबा, महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, ओंकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, सोमनाथ ज्योतिर्लिंग, नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, घृनेश्वर ज्योतिर्लिंग, त्रयंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग, भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग, श्री शनि सिंघनापुर
राशि:-स्लीपर 16,500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411